(क) क्या पश्चिमी रेलवे के महिदपुर रोड स्टेशन पर एक गोदाम बनाया गया है ;

(ख) यदि हां, तो उस पर क्या लागत आई है ; और

(ग) क्या सरकार को यह पता है कि उसमें पुराना माल लगाया गया है ?

रेलवे उपमंत्री (श्री शाहनवाज खां) : (क) जी, हां ।

(ख) ३८,३५८ रुपये ।

(ग) जी हां, पुराने माल गोदाम का कुछ काम लायक सामान इस्तेमाल में लाया गया है ।

महिदपुर और घोसला स्टेशनों पर नमक की बोरियां

१८८३. { श्री मानकभाई अग्रवाल : श्री क० भे० मालवीय :

क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पश्चिम रेलवे के महिदपुर रोड स्टेशन और उज्जैन-आगर रेलवे के घोसला स्टेशन पर नमक भूमि पर खुला पड़ा है ;

(ख) यदि हां, तो कितना नमक गल गया है; और

(ग) इसके इस प्रकार स्वामीहीन पड़ा रहने के क्या कारण हैं ?

रेलवे उपमंत्री (श्री सें० वें० रामस्वामी): (क) से (ग). तक महिदपुर रोड स्टेशन के माल गोदाम में नीलाम के लिये नमक के १० बोरे पड़े हुए हैं । इसका अन्दाज नहीं लगाया गया है कि नुकसान कितना हुआ है । इन बोरों पर किसी का पता-ठिकाना नहीं है, अर्थात् ये गलत पते पर भेजे गये हैं और इसलिये इनकी बुकिंग का ब्यौरा मालूम नहीं है ।

घोसला स्टेशन पर, नमक नहीं पड़ा हुआ है ।

मध्य प्रदेश में बाढ़ें

१८८४. { श्री मानकभाई अग्रवाल : श्री क० भे० मालवीय :

क्या सिंचाई और विद्युत् मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत सरकार को उन बाढ़ों के नियन्त्रण के लिये जो प्रति वर्ष मध्य प्रदेश के मन्दसौर क्षेत्र को नष्टभ्रष्ट करती हैं, मध्य प्रदेश सरकार से कोई योजना मिली है; और

(ख) यदि हां, तो उस पर क्या कार्यवाही की गई है ?

सिंचाई और विद्युत् उपमंत्री (श्री हाथी) : (क) उत्तर 'नहीं' में है ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

राजस्थान के लिये बहुप्रयोजनीय योजनायें

१८८५. **श्री भोगजी भाई :** क्या सिंचाई और विद्युत् मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि राजस्थान के पिछड़े हुये क्षेत्रों में और विशेषतः डूंगरपुर, बांसवाड़ा तथा उदयपुर में छोटी बहुप्रयोजनीय योजनाओं को कार्यान्वित करने के सरकार के कार्यक्रम का ब्यौरा क्या है और द्वितीय पंचवर्षीय योजना में उन पर कितना व्यय करने का विचार है ?

सिंचाई और विद्युत् उपमंत्री (श्री हाथी) : अपेक्षित जानकारी संकलित की जा रही है तथा यथाशीघ्र सभा-पटल पर रख दी जायेगी ।

Periyar Scheme in Madras State

1886. **Shri Tangamani:** Will the Minister of Irrigation and Power be pleased to state:

(a) whether the Periyar Scheme in Madras State for Irrigation will be